दैनिक बिहार पत्रिका
DAINIK BIHAR PATRIKA

दैनिक बिहार पत्रिका
सच के साथ


पटना, सोमवार, 05 फरवरी,2024 | पटना से प्रकाशित | संपादक - कृष्णा टेकड़ीवाल | मूल्य- ₹ 1 | पेज- 2 | वर्ष 3 | dainikbiharpatrika.com

**सुविचार**

"जितना कठिन संघर्ष होगा,
जीत उतनी ही शानदार होगी।"

# जमालपुर (मुंगेर) में शादी का झांसा देकर प्रेमी ने बनाया अवैध संबंध


## अश्लील वीडियो बनाकर गर्लफ्रेंड को करने लगा ब्लैकमेल आरोपी युवक गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा**

**मुंगेर। बिहार।** प्यार में लोग जीने-मरने की कसमें खाते हैं, जन्म- जन्म तक रिश्ता निभाने का वादा करते हैं। उसकी इन बातों पर लोग आंख बंदकर विश्वास करते हैं। लेकिन जब कसमें खाने वाला साथी ही धोखा दे जाता है तब आंख खुलती है। ऐसा ही एक मामला मुंगेर जिला से सामने आया है, जहां शादी का झांसा देकर प्रेमी ने प्रेमिका के साथ अवैध संबंध बनाया और इस दौरान प्रेमिका का अश्लील वीडियो भी बना लिया। जिसके बाद इस वीडियो को वायरल करने की धमकी प्रेमी देने लगा। प्रेमी की हरकतों से प्रेमिका परेशान रहने लगी। वही प्रेमी अब उससे पैसे की डिमांड करने लगा। प्रेमी की करतूत से परेशान होकर प्रेमिका सीधे थाने पहुंच गयी। मामला मुंगेर के जमालपुर थानाक्षेत्र का है जहां एक होटल में युवक ने अपनी प्रेमिका का अश्लील वीडियो बनाया और उस वीडियो को दिखाकर ब्लैकमेल करने लगा। जब युवती ने उसकी बात नहीं मानी तो प्रेमी ने उसकी पिटाई कर दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक जो युवती का प्रेमी है उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताया जाता है कि कासिम बाजार थानाक्षेत्र की रहने वाली स्नातक की छात्रा का एक साल पहले साथ कोचिंग में पढ़ने वाले श्यामपुर ओपी के बागेश्वरी निवासी संजय कुमार पंडित के पुत्र देवराज के साथ प्रेम- प्रसंग चल रहा था। इसी बीच देवराज युवती को लेकर कई बार जमालपुर के एक होटल भी गया था। जहां उसके साथ शादी का झांसा देकर अवैध संबंध बनाया और युवती का अश्लील वीडियो बना लिया। जिसके बाद उसने वीडियो दिखाकर युवती को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और उसे बार-बार मिलने के लिए बुलाने लगा। साथ ही युवती से पैसे की मांग भी करने लगा। ब्लैकमेल कर रहे प्रेमी देवराज को अब तक युवती 70 हजार रूपये दे चुकी है। प्रेमी की हरकतों से प्रेमिका तंग आ चुकी थी। प्रेमी देवराज ने फोन कर उसे स्टेशन रोड स्थित एक होटल में बुलाया। जहां उसने एक लाख रुपये की मांग प्रेमिका से की। पैसे नहीं देने पर देवराज ने युवती के साथ मारपीट की और अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देने लगा। जिसके बाद युवती किसी प्रकार वहां से निकलकर जमालपुर थाने पहुंची और पुलिस को इस बात की जानकारी दी। युवती की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुंगेर के कष्टहरणी घाट के पास स्थित पार्क से युवक को गिरफ्तार किया जिसके बाद उसे जेल भेजा गया।

# किरण बेदी को बड़ी जिम्मेदारी



**दैनिक बिहार पत्रिका, डेस्क**

पूर्व IPS किरण बेदी पंजाब की नई राज्यपाल बनी हैं। बनवारी लाल पुरोहित के इस्तीफा देने के बाद किरण बेदी को पंजाब का नया राज्यपाल बनाया गया है। वह 2016 से 2021 तक पुदुचेरी की उपराज्यपाल रहीं। किरण बेदी ने 1972 में भारत की पहली महिला IPS अधिकारी बनकर इतिहास रचा था। उन्होंने ट्रैफिक उल्लंघन के लिए पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की कार का चालान भी किया था। जिसके बाद उन्हें 'क्रेन बेदी' के नाम से लोग जानने लगे।

# डालसा सचिव ने बांका जेल का किया निरीक्षण, 02 किशोर बंदी चिन्हित



**दैनिक बिहार पत्रिका। प्रदीप कुमार**

**बांका। बिहार।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा सचिव राजेश कुमार सिंह ने रिस्टोरिंग द यूथ कैंपेन के तहत मंडल कारा बांका में कार्यक्रम को संबोधित किया। किशोर न्याय परिषद के अंतर्गत प्रावधान के तहत वैसे बंदियों को चिन्हित करने की कार्रवाई प्रारंभ की गयी, जिन बंदियों की उम्र 18 वर्ष से कम है। इस दौरान डालसा सचिव ने कहा कि ऐसे अपराधी जिनपर प्राथमिकी दर्ज करने के दौरान उम्र 18 वर्ष या उससे कम है, चाहे वह कुछ वर्ष बाद गिरफ्तार होता है तो भी उस अपराधी को किशोर की श्रेणी में रखा जायेगा। साथ ही इस मामले की सुनवाई भी सामान्य कोर्ट से अलग किशोर न्याय परिषद में होगी। यानी अपराधी की उम्र की गणना प्राथमिकी दर्ज की तिथि के अनुसार होनी है। इस दौरान ऐसे मामले में दो किशोर बंदी को चिन्हित किया गया। साथ ही दोनों का केस किशोर न्याय परिषद में स्थानांतरण का निर्देश दिया। वहीं इस दौरान डालसा सचिव ने सभी वार्ड, पाकशाला, महिला वार्ड आदि जगहों का निरीक्षण किया। इस मौके पर प्रशिक्षु जज विजय कुमार, जेल अधीक्षक सुजीत कुमार राय, जेल उपाधीक्षक भोला प्रसाद शर्मा, सहायक अधीक्षक रामनदंन पंडित, विकास कुमार, कृष्ण कुमार पांडेय, गुड्डू गिरी, पैनल अधिवक्ता सहित अन्य प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

# नवगछिया पेट्रोल कांड: आग में जली तीनों बच्चियों की हालत नाजुक

## बोकारो अस्पताल से रांची रिम्स रेफर, स्थिति नाजुक



**दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा**

**भागलपुर। बिहार।** सिल्क सिटी भागलपुर जिलांतर्गत नवगछिया पुलिस जिला के रंगरा सहायक थानांतर्गत मुरली गांव में देर रात अगलगी की घटना में दादा और तीन पोतियों को जलाने के मामले में बच्ची के पिता योगेश कुमार सिंह के आवेदन पर अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। योगेश ने आवेदन में बताया है कि मेरे पिता मेरी तीनों बच्चियों के साथ दरवाजे पर सोये हुये थे। इस दौरान कुछ लोगों ने पेट्रोल छिड़ककर आग लगाकर जान से मारने का प्रयास किया। जिससे मेरी बड़ी लड़की राजनंदनी उर्फ आरती कुमारी, भावना कुमारी, भारती कुमारी बुरी तरह जल गई है। आग लगने के दौरान हम जब बाहर निकले तो कुछ लोगों को हमने भागते हुए देखा जो आगे जाकर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये। घटना को लेकर रंगरा सहायक थाना के नवनियुक्त थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर सुजीत कुमार वारसी ने बताया कि पिता के दिए आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। पुलिस घायल के परिजनों से भी जानकारी लेने का प्रयास कर रहे हैं। घटना की रात कौन-कौन सी वाहन गांव में आई है और देर रात कौन-कौन वाहन गांव से बाहर निकला है, इसकी भी जानकारी पुलिस ले रही है।

## आरती के बयान का है इंतजार, रांची रिम्स में चल रहा इलाज

पुलिस घटना को गंभीरता से लेते हुए उनकी घायल बच्ची से पूरी जानकारी लेने का प्रयास कर रही है। घायल बच्ची का इलाज रांची रिम्स में चल रहा है। उनलोगों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। मालूम हो कि विधानंद सिंह के घर पर बदमाशों ने लगभग 10 बोतल पेट्रोल छिड़ककर आग लगाकर पूरे परिवार को जलाने की घटना का अंजाम दिया था। जिसमें दादा सहित तीन पोती जलकर गंभीर रूप से घायल हैं, जिनमें दो पोती की स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है। बोकारो बर्न हॉस्पिटल ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल रांची रिम्स रेफर कर दिया है। जहां पर उनका इलाज चल रहा है। दादा विधानंद सिंह द्वारा बताया गया कि मामले को लेकर हमलोगों ने अभी तक किसी की पहचान नहीं करने की बात कही है। उन्होंने बताया कि हम अपने बच्चों की पहले जान बचाएंगे, उसके बाद हम कुछ सोचेंगे।

# रोटरी गया सिटी एवं जे.बी राय मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की एक नई पहल







**दैनिक बिहार पत्रिका, गया**

ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीब व असहाय लोगों के लिए रविवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। राजगीर के वीरायतन नेत्र अस्पताल में लगाये गये इस शिविर में गया शहर के विभिन्न विभाग के 15 से अधिक डॉक्टर सेवा देने पहुंचे। रोटरी गया सिटी, जे.बी राय मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट,इनरव्हील क्लब ऑफ गया व इनरव्हील क्लब ऑफ गया सिटी के सहयोग से लगाये गये इस कैंप में 250 से अधिक लोगों का नि:शुल्क इलाज किया गया। इस दौरान आये हुये मरीजों का डॉक्टरो द्वारा इलाज के बाद नि:शुल्क जांच कर उन्हे दवा भी दिया गया। सभी प्रकार की दवा जे.बी राय मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से दिया गया। डा. ए. एन राय के नेतृत्व में लगाये गये इस कैंप में शहर के स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, जेनरल फिजिशियन,सर्जन, हड्डी रोग विशेषज्ञ, इएनटी विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ सहित अलग-अलग विभाग के चिकित्सको ने बच्चे व महिलायों के अलावे बुजूर्गो का भी इलाज किया। इस शिविर में डा. मृत्युंजय कुमार, डा. नीरज कुमार,डा. टी. शर्मा, डा. ऋषिकेश, डा. रतन कुमार, डा. अमिता सिन्हा, डा. मंजू सिन्हा, डा. अजय, डा. अजय के अलावे रोटरी गया सिटी के अध्यक्ष विजय भलोटिया व कोषाध्यक्ष पुनित खेतान ने सहयोग किया। वहीं ग्रामीणों ने इस तरह के कैंप अगली बार भी लगाने का अनुरोध किया।

# रविवार को खुला रहा कॉलेज, छात्र-छात्राओं ने कराया नामांकन

**दैनिक बिहार पत्रिका, गोगरी**

गोगरी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत इंटर की परीक्षा होने के कारण केडीएस कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं की परेशानी को देखते हुए रविवार को भी केडीएस कॉलेज खुली रही। बीए पार्ट टू का एडमिशन फॉर्म छात्र छात्राओं के द्वारा भरकर जमा किया गया। साथ ही अन्य कार्य के लिए भी कॉलेज में भीड़ देखी गई। छात्र-छात्राओं ने बताया कि बीए पार्ट टू का एडमिशन फॉर्म का डेट का समय कम था। कॉलेज आते थे, लेकिन इंटर का एग्जाम होने कारण प्रशासन द्वारा अंदर नहीं जाने दिया जा रहा था। कॉलेज प्रशासन के तरफ से रविवार को कॉलेज खुली रखने से फॉर्म फिलअप कर दिया गया।

# समाज को राजनीति में मिले समुचित भागीदारी

**दैनिक बिहार पत्रिका, खगड़िया**

कानू समाज को राजनीति में समुचित भागीदारी मिले। आगामी लोकसभा के चुनाव में चट्टानी एकता दिखाते हुए वैसे राजनैतिक दल को अपना कीमती वोट देंगे, जो कानू जाति के विकास, उत्थान तथा कल्याण करने का काम करे। यह बातें कानू विकास संघ के जिलाध्यक्ष माक्खन साह ने कानू भवन,सन्हौली में रविवार को आयोजित जिलास्तरीय बैठक में कहीं। सिकन्दर साह कानू ने कहा कि सन्हौली में निर्माणाधीन कानू भवन कार्यालय को स्वजाति के सहयोग से आर्थिक मदद करके पूरा किया जाय। कानू विकास संघ के जिला कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें नगर अध्यक्ष रोहित कुमार, गोगरी अनुमंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार गुप्ता, सदर अनुमंडल अध्यक्ष रंजन कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। चयनित पदाधिकारियों को संघ की ओर से माला पहनाकर कर सम्मानित किया गया।

# अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए वोट दीजिए: प्रशांत किशोर



**दैनिक बिहार पत्रिका, खगड़िया**

अपनी पदयात्रा के दौरान प्रशांत किशोर ने कई जगहों पर जन संवाद कर लोगों को वोट की ताकत का एहसास दिलाया। जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हम जब लोगों से पूछते हैं कि वोट क्यों देते हैं, तो लोग बताते हैं कि हमारी जाति का नेता खड़ा था इसलिए वोट दे दिया, मुर्गा भात खाए इसलिए दे दिए, 500 रुपए लिए थे इसलिए दे दिया। आपके घर के पुरुष 6-8 हजार रुपए के लिए दूसरे राज्यों में नौकरी कर अपना जीवन खपा रहे हैं। घंटों मेहनत करते हैं कि घर में 6-8 हजार रुपए भेजेंगे तो गुजारा चलेगा। लेकिन, जिस दिन आपको राजा बनाना है, उस दिन आप मुफ्त में ही वोट दीजिएगा तो भला कौन भोगेगा। वोट की सही कीमत है आपके बच्चों की शिक्षा और रोजगार, इसलिए वोट अपने बच्चों की शिक्षा और रोजगार के नाम पर दीजिए। प्रशांत किशोर ने जन संवाद के दौरान कहा कि आप लोगों को वोट की सही कीमत नहीं पता। आप लोग जिसे एक वोट को देकर देश का राजा बनाते हैं, वो आदमी हर साल 45 लाख करोड़ रुपए की तिजोरी का मालिक बनता है। एक वोट देकर जिसको आप बिहार का राजा बनाते हैं, वो आदमी हर साल ढाई लाख करोड़ रुपए की तिजोरी का मालिक बनता है। इतनी बड़ी तिजोरी की चाबी आप 5 किलो अनाज के नाम पर, जाति के नाम पर मुफ्त में दीजिएगा तो भला उसका खामियाजा कौन भुगतेगा? 100 रुपए की चीज एक रुपए में बेचिएगा तो नुकसान नहीं होगा तो क्या फायदा होगा? लाखों रुपए का वोट जाति के नाम पर मुफ्त में दीजिएगा तो आपकी गरीबी रहेगी कि जाएगी? इसलिए वोट की ताकत को समझिए और अपने बच्चों के भविष्य के लिए वोट दीजिए। यही समझाने के लिए गांव-गांव पैदल चल रहे हैं।

# ट्रेन से 15 किलोग्राम गांजा किया बरामद

**दैनिक बिहार पत्रिका , खगड़िया**

**खगड़िया|** आरपीएफ ने रविवार की शाम सहरसा-अमृतसर गरीब रथ ट्रेन से 15 किलोग्राम गांजा बरामद किया। आरपीएफ खगड़िया के निरीक्षक प्रभारी अरविंद कुमार राम ने बताया कि सहरसा-अमृतसर गरीब रथ एक्सप्रेस में चेकिंग के दौरान जी वन कोच में लावारिस पड़े एक ट्रॉली बैग में रखे 15 किलोग्राम गांजा बरामद किया। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत तीन लाख रुपए है।

# जन सुराज पदयात्रा पहुंची खगड़िया, ढोल-नगाड़ों के बीच रहीमपुर में प्रशांत किशोर का भव्य स्वागत

**दैनिक बिहार पत्रिका, खगड़िया**





जन सुराज अभियान के तहत बिहार की पदयात्रा पर निकले प्रशांत किशोर रविवार को बेगुसराय होते हुए खगड़िया जिले में प्रवेश किया। इस दौरान कई जगहों पर फूलों की माला, अंगवस्त्र पहनाकर लोगों ने उनका स्वागत किया। प्रशांत किशोर की पदयात्रा में बैंड, ढोल-नगाड़ों के साथ 10 से अधिक घोड़े भी दिखे। जन सुराज पदयात्रा का स्वागत करने के लिए जिले के सातों प्रखंड से हजारों लोग आए थे। इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं की भीड़ भी देखने को मिली। जिले में प्रशांत किशोर ने 6 किलोमीटर तक पदयात्रा की। रहीमपुर के अवध बिहारी संस्कृत उच्च विद्यालय मैदान से पदयात्रा शुरू कर रहीमपुर चौक, संस्कृत स्कूल रहीमपुर, बलुआही बूढ़ी गंडक ब्रिज से बलुआही चौक, जेएनकेटी इंटर स्कूल से होते हुए बेंजामिन चौक, डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक, सूर्य मंदिर चौक, सन्हौली के बाजार समिति मैदान में रात्रि विश्राम के लिए पहुंचे। प्रशांत किशोर बीते 17 महीनों से बिहार में पदयात्रा कर रहे हैं। 2 अक्टूबर 2022 को प्रशांत किशोर ने पश्चिमी चंपारण के भितिहरवा गांधी आश्रम से जन सुराज पदयात्रा की शुरुआत की थी। पश्चिम चंपारण से शुरू हुई पदयात्रा शिवहर, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सिवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा, बेगूसराय से होते हुए खगड़िया पहुंची है। आने वाले दिनों में प्रशांत किशोर जिले के सभी प्रखंडों में पदयात्रा के माध्यम से जाएंगे।

# माघी काली और सरस्वती पूजा को लेकर सन्हौला थाना में शांति समिति की बैठक





दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**भागलपुर। बिहार।** माघी काली और सरस्वती पूजा को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए सिल्क सिटी भागलपुर जिलांतर्गत सन्हौला थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। थानाध्यक्ष चंदन कुमार की अध्यक्षता में उपस्थित लोगों को पूजा के संबंध में सरकारी निर्देश से अवगत कराया गया। थानाध्यक्ष ने अपने क्षेत्र में होने वाले माघी काली पूजा और सरस्वती पूजा के संबंध में लोगों से जानकारी ली तथा आवश्यक जानकारी भी ली और संभावित अशांति को लेकर चर्चा की। लोगों ने कहा कि क्षेत्र में दोनों पर्व परंपरागत ढंग से मनाया जाएगा। कहीं किसी प्रकार की अशांति नहीं होगी। सनहौला के मुख्य बाजार में माघी काली की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जाती है। प्रतिमा 9 फरवरी को स्थापित किया जाएगा तथा तीन दिन के मेला के बाद 12 फरवरी को विसर्जन किया जायेगा सरस्वती पूजा के संबंध में जानकारी दी गई कि सभी पंचायत के सभी मोहल्ले में सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जाती है। इस अवसर पर घनश्यामचक स्कूल प्रांगण में 3 दिन का मेला का आयोजन भी किया जाता है। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी सूरत में डीजे नहीं बजेगा और न हीं कोई अश्लील सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। शराब और शराबियों पर विशेष निगरानी होगी। थानाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों से अपील की कि कहीं भी अगर किसी प्रकार की अशांति की संभावना हो तो सूचित करें, त्वरित कार्रवाई की जायेगी। बैठक में पुअनि ओमप्रकाश सिंह, मुखिया मुन्ना मंडल, विजय मंडल, गोपाल मंडल, मेडढ़ति विश्वजीत यादव उर्फ भानु यादव, मनोज झा, सुनील चौरसिया आदि उपस्थित थे।

# प्रातः गश्ती के दौरान धनकुंड थानाध्यक्ष ने विदेशी शराब का जखीरा किया बरामद

**धनबाद निवासी चालक गिरफ्तार, वाहन जप्त**



दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**बांका। बिहार।** जिलांतर्गत धनकुंड थानाक्षेत्र में अवैध शराब पासिंग को लेकर मिली गुप्त सूचना पर थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में विदेशी शराब का जखीरा बरामद किया है, साथ ही मौके वारदात चालक को भी गिरफ्तार किया गया है। दरअसल, प्रातः गश्ती के दौरान थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली कि पिकअप वाहन में लोड गत्ते के नीचे छुपाकर भारी मात्रा में शराब की खेप धनकुंड सीमा क्षेत्र से गुजरने वाली है। सूचना मिलते ही नाकेबंदी कर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया, इस दौरान पिकअप वाहन से इंपीरियल ब्लू 375 एमएल का 50 कार्टून 1200 बोतल, रॉयल स्टैग 375 एमएल का 19 कार्टून 456 बोतल, मैकडॉवेल्स 375 एमएल का 20 कार्टून 480 बोतल, रॉयल प्लेयर 375 एमएल का 20 कार्टून 480 बोतल, इंपीरियल ब्लू 180 एमएल का 10 कार्टून 480 बोतल कुल 119 कार्टून, 3096 बोतल यानी 1067.4 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। साथ ही उक्त पिकअप चालक मो0 सागिर अंसारी पिता- मो0 हैदर अंसारी साकिन- कालाडाबर थाना- गोविंदपुर जिला- धनबाद (झारखंड) को विधिवत गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि जब्त शराब व गिरफ्तार चालक के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई किया जा रहा है। लगातार थानाध्यक्ष के द्वारा अवैध शराब की बरामदगी से क्षेत्र में उनकी खौफ है। दर्जनों दफा थानाध्यक्ष के कार्यशाली से प्रभावित होकर पुलिस कप्तान डॉक्टर सत्यप्रकाश के द्वारा उन्हें सम्मानित करते हुए हौसला अफजाई किया गया है। फिलवक्त इस कार्रवाई से धनकुंड थानाक्षेत्र में थानाध्यक्ष की खौफ साफतौर पर नजर आ रही है।

# पुलिस ने अवैध बालू घाटों पर की छापामारी, दो ट्रैक्टर जब्त

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**बांका। बिहार।** जिलांतर्गत अमरपुर थानाक्षेत्र के विभिन्न बालू घाटों पर पुलिस एवं खनन पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से छापामारी की तथा दो ट्रैक्टर को जब्त किया। ग्रामीणों ने किशनपुर बालू घाट पर बालू माफियाओं के बीच गोलीबारी की भी बात कही लेकिन पुलिस ने इसे सिरे से इंकार कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में प्रतिबंधित बालू घाटों से हो रहे अवैध बालू खनन एवं उठाव को रोकने के लिए एसडीपीओ विपिन बिहारी तथा खनन पदाधिकारी हरिओम ओझा ने बड़ी संख्या में पुलिस के साथ बीरमां, किसनपुर आदि घाटों पर छापामारी की। पुलिस को देखते ही घाटों पर अफरा-तफरी मच गई तथा सभी अपने ट्रैक्टर को लेकर इधर- उधर भागने लगे। पुलिस ने बीरमां बालू घाट से बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त किया लेकिन ट्रैक्टर चालक अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। इधर ग्रामीणों ने बताया कि किशनपुर बालू घाट पर नदी के बीच में देर रात माफियाओं के बीच गोलीबारी हुई, हालांकि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। इस संबंध में एसडीपीओ विपिन बिहारी ने कहा कि गोलीबारी की बात सिर्फ अफवाह है। पुलिस ने छापामारी में दो ट्रैक्टर जब्त किया है।

# जमीन विवाद में महिला को तलवार से मारकर किया घायल, मायागंज रेफर

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा

**बांका। बिहार।** जिलांतर्गत अमरपुर थानाक्षेत्र के बल्लिकित्ता गांव में जमीन विवाद में एक महिला को तलवार से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। घायल महिला बल्लिकित्ता गांव के मुकेश बगवैय की पत्नी श्यामा देवी ने बताया कि पिछले एक वर्ष से उनका अपने जेठ छतीस बगवैय से डेढ़ बीघा जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। जमीन पर कोर्ट के आदेश पर धारा 144 लगा हुआ है। उन्होंने बताया कि रविवार की शाम में वह मवेशी के लिए घास लाने बहियार गई थी। इस बीच छतीस बगवैय अपने परिजनों के साथ लाठी- डंडे एवं तलवार लेकर आए तथा उन्हें घेरकर जान मारने की नीयत से उनपर हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग वहां पंहुचे तब उनकी जान बची। महिला की स्थिति गंभीर देख ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस एवं एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस के साथ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तथा महिला को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया। अस्पताल में डॉ0 ज्योति भारती ने उनका प्राथमिक उपचार किया तथा उनकी स्थिति गंभीर देख उन्हें बेहतर इलाज के लिए भागलपुर रेफर कर दिया।

# बांका: भाजपा चली गांव की ओर कार्यक्रम में शामिल हुए कार्यकर्ता

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा



**बांका। बिहार।** जिलांतर्गत अमरपुर के महोता एवं शहर के माधो साह ठाकुरबाड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा चली गांव की ओर कार्यक्रम में शिरकत की। महोता गांव में भाजपा के मंडल अध्यक्ष उदय शंकर की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस मौके पर भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के सरपंच प्रभारी मृत्युंजय शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश में काफी उन्नति हुई है जिससे विश्व में देश की एक अलग पहचान बनी है। उन्होंने कहा कि मोदी ने देशहित में फैसले लेते हुए उसे जमीन पर उतारा है। इसमें तीन तलाक का मुद्दा हो या कश्मीर में धारा 370 की समाप्ति आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा था ना खाएंगे ना खाने देंगे इसका नतीजा है कि देश में कई घोटाले उजागर हुए तथा कई नेता आज जेल की हवा खा रहे हैं। इधर ठाकुरबाड़ी में पार्टी के नगर अध्यक्ष नागेश्वर तपस्वी की अध्यक्षता में हुई बैठक में केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर अबकी बार चार सौ पार का नारा देते हुए कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा किया। इस मौके पर भाजपा के लोकसभा प्रभारी राजकुमार सिंह, कौशल सिंह, रिपुसूदन सिंह, जयजय ईश्वर विपिन ठाकुर, रितेश रमण, प्रदीप गांय समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अमरपुर थाना में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित



**दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा, बांका। बिहार।** जिलांतर्गत अमरपुर थाना परिसर में रविवार की शाम में निवर्तमान थानाध्यक्ष बिनोद कुमार की विदाई एवं नये थानाध्यक्ष पंकज कुमार झा के आगमन पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसके अलावा थाना से तबादला हुए अपर थानाध्यक्ष पवन कुमार, दारोगा रामविचार सिंह, खुर्शीद आलम आदि को भी विदाई दी गई। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने निवर्तमान थानाध्यक्ष बिनोद कुमार के बेहतर कार्यकाल की चर्चा की। साथ ही नये थानाध्यक्ष से भी पुलिस पब्लिक समन्वय बनाए रखने का आग्रह किया। विदाई समारोह में उपस्थित मुखिया नरोत्तम तिवारी, वार्ड पार्षद शंकर महतो, प्रमुख प्रतिनिधि परमानंद दास, व्यापार मंडल अध्यक्ष शिवाकर साह मोनी समेत अन्य लोगों ने बुके एवं अंग- वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सीओ वत्सांक, बीडीओ गोपाल गुप्ता, दारोगा ज्योति रानी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बौंसी थाना में नए थानाध्यक्ष का पुलिस पदाधिकारियों ने किया स्वागत



दैनिक बिहार पत्रिका। कुमार चंदन

**बौंसी। बांका। बिहार।** एसपी डॉक्टर सत्यप्रकाश के आदेश के बाद बौंसी थाने में रविवार को सुधीर कुमार ने नए थानाध्यक्ष के रूप में योगदान दिया। मौके पर इंस्पेक्टर अमेरिका राम सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी ने बुके देकर नए थानाध्यक्ष सुधीर कुमार का स्वागत किया। इस दौरान नए थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने कहा कि, अपराध पर नियंत्रण करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। आमजनों को पुलिस का पूरा सहयोग मिलेगा। मालूम हो कि सुधीर कुमार की इसके पूर्व पटना के अगमकुआं में पोस्टिंग थी। इसके बाद उन्हें बांका जिला स्थानांतरित किया गया। एसपी डॉक्टर सत्यप्रकाश ने सुधीर कुमार को बौंसी थानाध्यक्ष के रूप में प्रतिनियुक्ति किया है। मौके पर एसआई अनिरुद्ध कुमार, ज्योति कुमारी, सोनाली गोस्वामी, मणींद्र मिश्रा, मनोरंजन कुमार सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

# राजद कार्यकर्ताओं ने विशेष बैठक का किया आयोजन

**राजद कार्यकर्ताओं के द्वारा पलटू चाचा गिरगिट मुख्यमंत्री की आलोचना की गई।**



दैनिक बिहार पत्रिका। कुमार चंदन

**बौंसी। बांका। बिहार।** जिलांतर्गत बौंसी प्रखंड राजद कार्यालय में रविवार को एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजद बौंसी पंकज कुमार के द्वारा की गई। बैठक में मुख्य रूप से राजद कार्यकर्ताओं के समक्ष धन्यवाद यात्रा 17 साल बनाम 17 महीना के ऊपर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि, आगामी समय में जिस तरह से राजद नेता के साथ विश्वासघात किया गया। उसको लेकर सभी राजद कार्यकर्ताओं के द्वारा पलटू चाचा गिरगिट मुख्यमंत्री की आलोचना की गई। राजद कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में अपने नेता तेजस्वी यादव के 17 महीना के कार्यकाल के बारे में जनता के समक्ष रखने का कार्यक्रम तय किया है एवं जल्द ही प्रखंड के पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक 17 साल बनाम 17 महीना कार्यक्रम को लेकर जाने की सहमति बनी है। बैठक में मुख्य रूप से अनिरुद्ध यादव, उद्वकांत यादव उपाध्यक्ष, बिपिन मिश्रा प्रधान महासचिव, चंदन पाठक महासचिव, कन्हैया कुमार मीडिया प्रभारी, बुट्टन झा, रूपेश चौधरी, जैनुल आलम, झब्बन यादव, मो0 बादल, मुन्ना, पंचानंद यादव, पप्पू यादव, मो0 मनोवर, कपिल यादव, सुचिंद्र यादव, पवन यादव, मनीष यादव, मुकेश पासवान सहित अन्य मौजूद रहे।

# घर में खुशहाली का प्रतीक होती है बेटियां

**हिंदू धर्म में बेटी को लक्ष्मी और मुस्लिम धर्म में बेटी को खुदा की रहमत के रूप में जाना जाता है।**

दैनिक बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा





समाज में देखा गया है कि कुछ परिवार ऐसे भी हैं जो बेटियां होने के कारण दु:खी हैं। उनके घर में लड़का नहीं है। घर में बहू नहीं आएगी जबकि बेटी बहू बनकर जाएगी। जिनकी दो- चार लड़कियां हैं वे अपने आपको बदनसीब समझते हैं, पर लड़कियों के प्रति ऐसी नकारात्मक सोच नहीं होनी चाहिए। कभी भी बेटी के जन्म को बोझ नहीं समझना चाहिए। इसे ईश्वर की कृपा समझना चाहिए। वास्तव में हिंदू धर्म में बेटी को लक्ष्मी और मुस्लिम धर्म में बेटी को खुदा की रहमत के रूप में जाना जाता है। समाज में आज भी बहुत से लोग ऐसे भी हैं जो लड़कियों को ही पुरस्कार समझते हैं और बहुत से लोग सदैव लड़के की अपेक्षा करते है। परंतु लड़की होना हर प्रकार से एक सौभाग्य की बात है। जिस घर में लड़की जन्म लेती हैं वहां परिवार में खुशियां बढ़ जाती है । घर में किसी वस्तु की कमी नहीं रहपाती है। चारों तरफ से खुशहाली आनी शुरु हो जाती है। दूसरी तरफ आज बेटी के जन्म के बाद बहुत से लोग इसलिए परेशान हैं कि उनकी बेटियों का विवाह समय से नहीं हो पा रहाहै। कोई अच्छा रिश्ता नहीं आ रहा है और यदि आता है तो पक्का नहीं हो पा रहा है, इसमें हताश होने की आवश्यकता नहीं है। रिश्ते पक्के करने के लिए घमंड और बड़प्पन दिखाने की आवश्यकता नहीं है। अपितु दूसरे को समझने की आवश्यकता है। परंतु लड़की के विवाह की चिंता करना स्वाभाविक है। लड़की का विवाह अच्छे घर में हो यह सभी चाहते है। इसके लिए बेटी को शिक्षित बनाकर इस योग्य करने पर बल दिया जाए कि उसके लिए अच्छे रिश्ते खुद चलकर आएं। लड़की की योग्यता उसके गुणों से ही देखी जाती है, उसकी सुंदरता से नहीं। सुंदर होना उसका सौभाग्य है, परंतु उसका गुणवान होना उसकी सुंदरता से भी अधिक महत्वपूर्ण है। लड़कियों में उच्च शिक्षा का भी काफी महत्व होता है। लड़कियों को उच्च शिक्षा मिले यह सबसे महत्वपूर्ण है। लड़कियों का उच्च शिक्षा प्राप्त करना आवश्यक है। इससे लड़की के माता-पिता व परिवार की प्रतिष्ठा बढ़ती है। लड़कियां प्रतिदिन समाचार- पत्र अवश्य पढ़ें। ज्ञान बढ़ाएं।

# गांव चलो अभियान को लेकर बैठक आयोजित

दैनिक बिहार पत्रिका। कुमार चंदन



**बौंसी। बांका। बिहार।** भारतीय जनता पार्टी बौंसी उत्तरी मंडल की बैठक रविवार को बौंसी प्रखंड अंतर्गत स्थित भंडारीचक दुर्गास्थान में पार्टी में चल रहे गांव चलो अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बौंसी उत्तरी मंडल अध्यक्ष अवधेश मिश्रा ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप से बांका जिलाध्यक्ष बृजेश मिश्रा, कटोरिया विधानसभा संयोजक पुरुषोत्तम ठाकुर, मंडल प्रभारी पूरनलाल टुडू, निवर्तमान किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री सुमन सौरभ मौर्य, दिनेश यादव, मंडल महामंत्री संजीत गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष सत्यम पांडे, संजीव भगत, पंकज राजहंस, पंकज नारायण देव, बमबम मिश्रा, अजय मिश्रा, पंकज दास, जयकांत मंडल, रमेश सोरेन, मीडिया प्रभारी सुभाष पासवान, गौरव झा, सुमन मिश्रा सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।